अति महत्वपूर्ण

ई-मेल :tolicshimla@gmail.com

भारत सरकार/ Govt. of India

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, शिमला (कार्यालय-1)

Town Official Language Implementation Committee, Shimla (Office-1)

मुख्य आयकर आयुक्त, रेलवे बोर्ड भवन, माल रोड, शिमला-171003

O/o The Chairman, TOLIC & Chief Commissioner of Income Tax , Railway Board Building, Shimla.

फा.सं. मु.आ.आ. /शिमला/1/नराकास/बैठक/2025-26/ 1756-1826 दिनांक: 07.11.2025

सेवा में,

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, (नाम से)
शिमला के सभी सदस्य कार्यालयाध्यक्ष।

विषय:- नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, शिमला (कार्यालय-1) की प्रथम छमाही बैठक का आयोजन- दिनांक 25.11.2025.

महोदया/महोदय,

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, शिमला (कार्यालय-1) की वर्ष 2025-26 की प्रथम छमाही बैठक का आयोजन **दिनांक 25.11.2025 को समय अपराह्न 03:00 बजे मुख्य आयकर आयुक्त/अध्यक्ष नराकास, शिमला की अध्यक्षता तथा प्रधान आयकर आयुक्त(निर्धारण इकाई)-1/राजभाषा अधिकारी/उपाध्यक्ष, नराकास, शिमला के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।** आप इस बैठक में भाग लेने के लिए सादर आमंत्रित हैं। **बैठक का आयोजन "द पीटरहॉफ," शिमला के "दरबार हॉल" में किया जा रहा है।**

सरकार के आदेशों के अनुसार समिति की बैठकों में **कार्यालय प्रमुखों द्वारा स्वयं भाग लेना अनिवार्य है। राजभाषा नियम 1976 के नियम 12 के तहत संघ की राजभाषा नीति के अनुपालन का दायित्व कार्यालय प्रमुख का है। अतः अनुरोध है कि आप इस बैठक में स्वयं भाग लेने की कृपा करें।** किन्हीं अपरिहार्य कारणों से यदि कार्यालय प्रमुख बैठक में भाग लेने में असमर्थ हों, तो अपने विभाग के दूसरे वरिष्ठतम अधिकारी को ही इस बैठक में भाग लेने के लिए आदेश दें **तथा इसकी सूचना नराकास, शिमला मुख्यालय को भी दें।**

बैठक में भाग लेने की पुष्टि दिनांक 15.11.2025 तक नराकास, शिमला को ई-मेल पते tolicshimla@gmail.com **पर अवश्य कर दें।** साथ ही प्रत्येक कार्यालय से कार्यालय प्रमुख तथा अन्य एक वरिष्ठ अधिकारी/कर्मचारी अर्थात् दो व्यक्ति इस बैठक में अपनी सहभागिता ही सुनिश्चित करें। प्रत्येक कार्यालय से दो व्यक्तियों का नामांकन नराकास, शिमला मुख्यालय को अवश्य ही भेजें। नामांकन के आधार पर नामपट्ट तैयार किए जाएंगे व बैठक में शामिल होने वाले सहभागियों की बैठने/जलपान की समुचित व्यवस्था की जाएगी।

भवदीया,

सुधा सिंह

(सुधा सिंह)
सहायक निदेशक(राजभाषा)
एवं सचिव, नराकास, शिमला।

प्रतिलिपि:-

1. संयुक्त निदेशक(कार्यान्वयन), उत्तरी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय-1, (दि.) राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली-110066 को इस अनुरोध के साथ कि वे कृपया बैठक में उपस्थित होकर समिति का मार्गदर्शन करें।
2. श्री राजेंद्र सिंह चौहान, वरिष्ठ निजी सचिव, कार्यालय मुख्य आयकर आयुक्त, शिमला को सूचनार्थ एवं वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

मुख्य आय. आयु. शिमला
वरि. निजी सचिव / निजी सचिव
डायरी सं.........
07 NOV 2025

सुधा सिंह
सहायक निदेशक(राजभाषा)
एवं सचिव, नराकास, शिमला।